(8) (7)

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2022 रायपुर, दिनांक / /2022

//कार्यालय-आदेश//

आदेशानुसार, पंचम विधानसभा का पन्द्रहवां सत्र, 2022 दिनांक 01.12.2022 से दिनांक 02.12.2022 तक आहूत किया गया है । सत्रावधि के दौरान जिस दिन सभा की बैठक होगी, उन दिनों में विधान सभा सचिवालय का कार्यालयीन समय प्रात: 10.00 से सायं 06.00 बजे तक रहेगा, किन्तु यदि सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है, तो कार्यालय का समय सभा की बैठक समाप्त होने के एक घण्टे पश्चात् तक रहेगा ।

दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 को कार्यालय का समय प्रात: 09.30 बजे से सायं 06.00 बजे तक या कार्य समाप्ति तक रहेगा ।

समस्त अधिकारी/ कर्मचारी उन्हें प्रदायित शर्ट, पेंट के साथ जैकेट अथवा प्रदायित ब्लेजर में दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय आयेंगे । समस्त वाहन चालक /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किए गए निर्धारित वर्दी, जूते एवं टोपी पहन कर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे ।

सत्र के दौरान यदि सभा की बैठक निर्धारित समय एवं निर्धारित कार्यालय समय से अधिक समय तक चलती है तो रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं सिद्धार्थ चौक जाने वाली बस का प्रस्थान समय सभा की बैठक समाप्ति के 30 मिनट पश्चात् एवं विजेता काम्पलेक्स जाने वाली बस का प्रस्थान समय कार्यालय समय के 01 घण्टे पश्चात् रहेगा ।

समस्त अधिकारी निर्धारित कार्यालय समय के पश्चात् सचिव महोदय की अनुमति प्राप्त कर एवं समस्त कर्मचारी निर्धारित कार्यालय समय के पश्चात् अपने प्रभारी अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर ही कार्यालय छोड़ेंगे । समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से यह अपेक्षित है कि समय का आवश्यक रूप से ध्यान रखें ।

आदेश से,

ह0/-

संचालक,
छत्तीसगढ़ विधान सभा

पृ.क्रमांक 11373/वि.स./स्था.2022 रायपुर, दिनांक 29/11/2022

प्रतिलिपि

01.मा. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा, के सचिव को मा. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ ।

02.मा. नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधान सभा के विशेष सहायक को मा. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ।

03.सचिव छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।

04.समस्त अधिकारी/कर्मचारी छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

05.सर्वर कक्ष ।

28/11/22

प्रशासकीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ विधान सभा